




# सेंधवा में आकाश जल बना नि:स्वार्थ सेवा का प्रतीक

## धार्मिक आयोजनों और मुक्तिधाम में नि:शुल्क जल सेवा जारी, कथा से मुक्तिधाम तक सेंधवा के राजू चौधरी का समर्पण, आकाश जल से ठंडक पहुंचा रहे हर दिल तक




**सेंधवा, ( रमन बोरखड़े )।** शहर में धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में नि:शुल्क जल सेवा का कार्य लगातार जारी है। आकाश जल के माध्यम से श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों और आमजन को निस्वार्थ भाव से ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, यह सेवा शहर में मिसाल बन गई है।

आकाश जल के नाम से संचालित चिल्ड वाटर प्लांट के संचालक राजू चौधरी नि:स्वार्थ सेवा कार्यों के लिए प्रसिद्ध हैं। शहर और आसपास के क्षेत्रों में जब भी कोई धार्मिक आयोजन या कथा होती है, वहां आकाश जल की उपस्थिति अनिवार्य सी हो गई है। कई कथा आयोजन में राजू चौधरी अपनी पत्नी भारती चौधरी और बेटे आकाश चौधरी के साथ श्रद्धालुओं को ठंडा पानी पिलाते हैं। इस सेवा भाव के लिए कई कथा समितियों व कथा वाचकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

2025 में महाराष्ट्र के शिरपुर और शाहदा में हुई पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में राजू चौधरी ने सेंधवा से वाहन भेजकर श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क जल सेवा उपलब्ध कराई। इसी वर्ष निवाली में पंडित कमल किशोर नागर की कथा में भी प्रतिदिन जल भेजकर सेवा दी। 4 अक्टूबर को सेंधवा में निकले विशाल पथ संचलन में भी स्वयंसेवकों को आकाश जल द्वारा शीतल पानी प्रदान किया गया।

श्रावण मास और नवरात्र के दौरान शहर के प्रमुख मंदिरों श्रीराजराजेश्वर मंदिर, महाराष्ट्र मंदिर, रामकटोरा हनुमान मंदिर, मनोकामनेश्वर मंदिर, छोटी बिजासन मंदिर और मां बगलामुखी मंदिर में भंडारों के समय आकाश जल द्वारा निरंतर जल सेवा दी गई। नवरात्र की चुनरी यात्राओं में जगह-जगह पेयजल व्यवस्था की गई, श्रद्धालुओं को राहत मिली।

पिछले 11 वर्षों से राजू चौधरी मुक्तिधाम में व्यवस्था कर रहे हैं। नाथ समाज के मुक्तिधाम और किले के पीछे स्थित मुक्तिधाम में शवयात्रा पहुंचने पर आकाश जल द्वारा डब्बों के जरिए नि:शुल्क जल वितरण किया जाता है। इस सतत सेवा ने राजू चौधरी को शहर में मानवता की पहचान बना दिया है।

राजू चौधरी का कहना है कि धार्मिक कार्यक्रमों में जल सेवा देना उनके लिए एक सेवा भावना है। उनका मानना है कि जब लोग श्रद्धा से पूजा, कथा या भंडारे में शामिल होते हैं, तब उनकी सुविधा का ध्यान रखना भी एक प्रकार की पूजा है। गर्मी व भीड़ में जब किसी श्रद्धालु को ठंडा पानी मिलता है, तो वही उनकी सबसे बड़ी कमाई है। चौधरी कहते हैं, जल ही जीवन है और यदि इससे किसी की तकलीफ कम होती है, तो इससे बड़ा धर्म कोई नहीं।

**श्रद्धालुओं को राहत**

- निरंतर दी जल सेवा।
- पेयजल व्यवस्था से श्रद्धालुओं को राहत।

## एकता चालक संघ ने किया प्रसादी का वितरण



**पानसेमल।** क्षेत्र सहित आसपास ग्रामों से कावड़ पदयात्रियों द्वारा पवित्र जल की कावड़ भरकर कोजागिरी पूर्णिमा पर महाराष्ट्र के नाशिक जिले स्थित मां सप्तश्रृंगी गढ़ पर माताजी का जलाभिषेक किया जाता है। दो चरणों में पदयात्रा कर वे 500 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करते हुए गढ़ पर पहुंचते हैं। पदयात्रा मंडल का रूट तय रहता है, जिसमें जगह-जगह स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा भोजन प्रसादी बनाकर वितरण की जाती है। उसी क्रम में एकता चालक संघ पानसेमल द्वारा अपनी 23वें वर्ष में प्रसादी वितरण की गई। यात्रियों के गढ़ पर पहुंचने के एक दिन पूर्व ही वे निर्धारित स्थान पर पहुंच जाते हैं, जिसके बाद आवश्यक तैयारियां कर सेवा कार्य किया जाता है। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष लोकेश शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, चालक संघ के सदस्य एवं क्षेत्रवासी अपनी सेवा देते आ रहे हैं।

## हर्षोल्लास से मनाई वाल्मीकि जयंती



**बड़वानी।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शहर के पाला बाजार स्थित महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आदर्श वाल्मीकि समाजजनों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया। वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में शहर के पाला बाजार में आदर्श वाल्मीकि समाज द्वारा यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मंच पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, विधायक राजन मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, सीएमओ सोनाली शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री भगीरथ कुशवाह, भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री भगवती प्रसाद शिंदे सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने वाल्मीकि जी की प्रतिमा का पुजन-अर्चन कर उन्हें माल्यार्पण किया। आदर्श वाल्मीकि समाज के उपाध्यक्ष विनोद चौहान ने बताया कि समाजजन हर वर्ष जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाते हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में आदर्श वाल्मीकि समाजजन मौजूद थे।

## समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए कराए पंजीयन

**बड़वानी।** मप्र शामन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए धान का समर्थन मूल्य 3699 एवं बाजरा का समर्थन मूल्य 2775 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिसके लिए किसान को पंजीयन करावाना अनिवार्य है। शासन द्वारा किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर नियत की गई है। अभी तक जिले में 39 किसानों ने ही अपना पंजीयन कराया है। जिन किसानों ने पंजीयन नहीं कराया है, वह पंजीयन केन्द्र पर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराए।

## साबु का नया उत्पाद कुकरी जॉकी खीचिया पापड़ लांच

**इन्दौर.** सच्चामोती सच्चासाबु एगमार्क साबूदाना व अन्य शुद्ध पोषक उत्पादों के विश्वसनीय निर्माता साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम ने गहन अनुसंधान के बाद एक नया उत्पाद साबूदाना + चावल से बने खीचिया पापड़ का उत्पादन आरम्भ किया है, जिसे बाजार में कुकरीजॉकी0 ब्रांड मे 500 ग्राम के आकर्षक पैकेट में निकाला है. साबु ट्रेड के प्रबंध निर्देशक विकास साबु ने बताया कि हमने साबूदाना, मीलेट्स (श्रीधान्य), सेलम हल्दी पाउडर, नारियल बूर्रा, मखाना, ग्लुटेन-मुक्त फरियाली आटा, साबूदाना-पापड़ के बाद इस वर्ष खीचिया पापड़ का उत्पादन करने का निर्णय लिया है. अपने अन्य उत्पादों की भांति कम्पनी ने उत्पाद की शुद्धता और क्वालिटी पर पूरा ध्यान दिया है, जिससे उपभोक्ताओं को पूर्ण तृप्ति मिले. अभी यह चार वैरायटी जीरा, हरी मिर्च, लाल मिर्च तथा लहसुन स्वाद में उपलब्ध कराये गये हैं.

## व्हाइट स्नो का वर्ल्ड प्रीमियर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में

**इंदौर.** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और यूनेस्को गांधी मेडल से सम्मानित फिल्म निर्देशक प्रवीण मोरछले की नई फिल्म व्हाइट स्नो का चयन प्रतिष्ठित 49वें साओ पाउलो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर के लिए हुआ है. यह लैटिन अमेरिका का सबसे बड़ा और विश्व के प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में से एक है, जो 16 से 30 अक्टूबर तक साओ पाउलो में आयोजित होगा. व्हाइट स्नो कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में सेट एक भावनात्मक कहानी है, इसमें एक माँ अपने बेटे की प्रतिबंधित फिल्म को दिखाने के लिए अपने याक और पुराने टेलीविजन के साथ ऊँचे पहाड़ों में दुर्गम यात्रा करती है. यह कहानी कला की अभिव्यक्ति की आज़ादी और अधिकार के लिए साधारण लोगों के साहस को दिखाती है. फिल्म के चयन पर प्रवीण मोरछले ने कहा व्हाइट स्नो मेरे लिए बहुत निजी फिल्म है, जो हमारे समय को दर्शाती है।

## स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट ने लॉन्च किया नया फीचर

**इंदौर.** एक सूचीबद्ध ब्रोकरेज फर्म, स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट जिसके पास भारत में 4.5 लाख से अधिक उपभोक्ता और तीन दशक से अधिक का अनुभव है, ने अपने मोबाइल ऐप में अनूठे फीचर 'सारथी ट्रेड आइडियाज़' के लॉन्च की घोषणा की है. भारत में पहली बार पेश की गई इस सुविधा के साथ निवेशकों को सीधे इन-ऐप ट्रेड एलर्ट मिलेंगे. नए लॉन्च के अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए पार्थ न्याति, सीईओ, स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट ने कहा, 'स्वस्तिका में हमारा उद्देश्य रोज़मर्रा के निवेशकों के लिए ट्रेडिंग को सरल और सुलभ बनाना है।' सारथी ट्रेड आइडियाज़' के माध्यम से हम उनके लिए ऐसा भरोसेमंद पार्टनर लेकर आए हैं जो उन्हें रीसर्च के आधार पर सुझाव देता है। हमें विश्वास है कि यह टूल निवेशकों को मार्केट में अधिक आत्मविश्वास के साथ फैसला लेने में सक्षम बनाएगा.

## एमपी वूमन फेस्टिवल में 'सिल्वर सखी' को सम्मान

**इंदौर.** एमपी वूमन फेस्टिवल में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 57 प्रमुख महिला संस्थाओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए. इन्हीं में 'सिल्वर सखी' संस्था को भी उसके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया. समारोह में अभिनेत्री अपरा मेहता और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए. इस अवसर पर 'सिल्वर सखी' की ओर से शारदा उपाध्याय (डायरेक्टर), रजनी खेतान, श्वेता श्रीवास्तव, नीतू मित्तल, और ज्योति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं.

## फोनपे व उत्कर्ष बैंक ने लॉन्च किया विश क्रेडिट कार्ड


**इंदौर.** फोनपे ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक बड़ी स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का ऐलान किया है. इस पार्टनरशिप के तहत, दोनों कंपनियों ने मिलकर विश क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है. इस क्रेडिट कार्ड के लिए फोनपे ऐप पर ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकेगा, जिससे लाखों यूजर्स घर बैठे ही बेहद आसानी और तेजी से ऐप्लिकेशन प्रोसेस पूरा कर पाएंगे.

## एएसपी ने की जनसुनवाई



**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को एसपी जगदीश डावर (भापुसे) के निर्देशन में एएसपी धीरज बब्बर द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के कई क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं सुनाई। जिन्हें एएसपी ने सुना तथा शिकायतकर्ताओं को उनकी शिकायतों पर शीघ्र वैधानिक एवं पारदर्शी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को 7 दिन में कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# डावर फलिया में निकली कलश यात्रा



**पानसेमल,** ग्राम टाकली के डावर फलिया में शिवपंथी सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शिवटेकड़ी के समीप से माताओं एवं बहनों ने कलश यात्रा शुरू की, जो कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां गुरु सावन बाबा एवं सपना माता का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। भक्तों ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। देर रात्रि सामाजिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर गुरुजनों ने सत्संग प्रवचन किया।

शिवपंथी परिवार कई वर्षों से नशामुक्ति अभियान व धर्म जागरण अभियान के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में जागरूकता फैला रहा है। जिससे समाज में युवाओं को नई दिशा मिल रही है। सत्संग में मप्र और महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। ग्राम आमझीरी में अनंत विभूषित जगतगुरू रामानंदाचार्य श्रीस्वामी नरेंद्राचार्य महाराज के शिष्यों ने चित्र की पूजा-अर्चना कर गुरुपुजन किया। इस दौरान जिला सचिव इदास भोसले, सतसंग प्रमुख राकेश भोसले, सतसंग अध्यक्ष बिजलाल पटेल, पूर्व सरपंच अमरसिंह सोलंकी, राजू पटेल, कैलाश सोलंकी, कुंवारसिंग भोसले व ग्रामीण उपस्थित थे। आभार ब्लॉक अध्यक्ष दिनुराज भोसले ने माना।

**एक नजर में** — जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया आत्मीय स्वागत

# नगर में निकला ऐतिहासिक पथ संचलन

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली, 08 अक्टूबर**

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने पथ संचलन का आयोजन किया। पथ संचलन अद्वितीय उत्साह, अनुशासन और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक एकरूप वेशभूषा में कदमताल मिलाकर प्रमुख सड़कों से निकले। जिनका जगह-जगह समाजजनों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

बालक स्कूल में हुए कार्यक्रम के शुभारंभ में भारत माता एवं गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया। संघ की प्रार्थना के बाद पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ग्राम भारती जिला समिति सदस्य, मंचासीन गेंदालाल जायसवाल खंड संघ चालक रहे व अध्यक्षता प्रेमलाल सोलंकी ने की।

पथ संचलन का प्रारंभ खेतिया रोड़ से अनुशासित कदमताल और घोष वादन की ऊर्जावान धुनों ने नगर का ओजपूर्ण बना दिया। स्वयंसेवकों की एकजुट और घोष की गूंज देखते ही बनती थी। पथ संचलन गुमडीरोड़, मुनिया कॉलोनी, बस स्टेशन, सुभाष मार्केट, वाणी मोहल्ले, सेंधवा रोड़ पर निकला। दीपक शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है।

शताब्दी वर्ष पर प्रत्यक्ष स्वयंसेवक व नागरिक को भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना होगा। पथ संचलन के दौरान विभिन्न वर्गों व्यापारी, महिलाएं, बच्चों एवं संस्थाओं ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि ऐसा अनुशासन, एकता और आत्मबल का दृश्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। कार्यक्रम का समापन बालक स्कूल में हुआ।



### सभी वर्गों का समर्थन

उल्लेखनीय संख्या में स्वयंसेवकों की सहभागिता और समाज के सभी वर्गों से मिले समर्थन ने स्पष्ट कर दिया कि संघ की शताब्दी वर्ष में संगठन की जड़े और भी सुदृढ़ हो रही है।

# भगवान राम के तमिलनाडु में पुतला दहन पर प्रदर्शन



**इंदौर. दशहरे के दिन तमिलनाडु के त्रिची जिले के थिरुविरुंबुर ब्लॉक के गुंटूर गांव में स्थानीय लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का पुतला जलाया. यह घटना उस समय सामने आई जब स्थानीय लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए पुतले पर जूते और चप्पल फेंककर उसे दहन किया.**

इस घटना को लेकर इंदौर में दलित समाज और सनातनी हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश देखने को मिला. अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सुबह गौपुर कॉलोनी चौराहा से चाणक्यपूरी चौराहा तक विरोध प्रदर्शन निकाला. प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने अर्थी, अधजली कंडा और मटकी रखकर विरोध जताया और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की. कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनकारियों ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुतले की प्रतीकात्मक तोड़फोड़ और जला कर विरोध प्रकट किया. पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया और प्रदर्शन स्थल पर शांति बनाए रखने का प्रयास किया. अधिकारियों ने कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली किसी भी घटना की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी.

# यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : डीआईजी रेल

- जीआरपी इंदौर की अपराध समीक्षा बैठक में तुरंत कार्रवाई और संवेदनशील पुलिसिंग के निर्देश



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रेलवे पुलिस इकाई इंदौर में सोमवार को अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता डीआईजी रेल मध्य प्रदेश, पंकज श्रीवास्तव ने की. बैठक में एसपी रेल इंदौर पद्म विलोचन शुक्ल, डीएसपी रेलवे ज्योति शर्मा सहित जीआरपी इंदौर के सभी थाना और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे.**

बैठक में रेल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, यात्रियों की सुरक्षा और सेवा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई. डीआईजी श्रीवास्तव ने अधिकारियों को चोरी के मामलों में बरामदगी प्रतिशत बढ़ाने, सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का तुरंत निराकरण करने, लंबित अपराध, चालान और मर्ग प्रकरणों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश दिए. उन्होंने गुम बालक-बालिकाओं की खोज, स्थाई वारंटों की तामीली, विभागीय जांच और रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया. साथ ही कहा कि रनिंग ट्रेन में दर्ज शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. डीआईजी श्रीवास्तव का कहना है कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. प्रत्येक पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करे, ताकि यात्रियों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो. उन्होंने थाना प्रभारियों को स्टेशन और ट्रेनों में सतत गश्त व्यवस्था बनाए रखने और यात्री-अनुकूल पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए. बैठक के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सराहा तथा आगामी त्रैमासिक समीक्षा बैठक तक ठोस और सुधारात्मक परिणाम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.



# राजबाड़ा क्षेत्र में वन-वे तोड़ने पर 42 ऑटो व ईरिक्शा चालकों पर कार्रवाई

**इंदौर. ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को राजवाड़ा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया. इस दौरान वन-वे नियम का उल्लंघन करने वाले 42 से अधिक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई.**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत यातायात नियंत्रण कक्ष पश्चिम की प्रभारी निरीक्षक राधा यादव, निरीक्षक सीमा भंडारी, सूबेदार योगेश मिश्रा और उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह सिसोदिया ने राजवाड़ा क्षेत्र में भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कई चालक वन-वे दिशा में विपरीत दिशा से वाहन चलाते मिले, जिन पर तत्काल चालानी कार्रवाई की गई. यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन-वे, नो पार्किंग और ट्रैफिक संकेतों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं और जाम की स्थिति से बचा जा सके. पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

**हठधर्मिता** — वार्ड 7 के रामगंज क्षेत्र के रहवासी होते हैं परेशान

# सफाईकर्मी कर रही मनमानी, नियमित नहीं होती सफाई



**इंदौर. जहां तक स्वच्छता की बात है तो इसके लिए दिन रात शहर के मुख्य सड़कों पर सफाई कर्मी कार्य करते दिखाई देते हैं. लेकिन जब शहर के क्षेत्रों में जाकर लोगों के बात की जाए तो पता चलता है कि सफाई को लेकर सफाईकर्मियों की मनमानी से लोग कितने परेशान होते हैं.**

क्षेत्र की सफाई को लेकर वार्ड कमांक 7 से एक मामला सामने आया है, जहां सफाई कर्मी अपनी मनमानी करते है. यहां वार्ड जिंसी क्षेत्र में आता है. वार्ड के राम गंज में कई गलियां है, जहां कचरा संग्रहण वाहन नियमित समय पर पहुंचता है लेकिन जब सड़क पर फैलें कचरे पर नज़र पड़ती है तो सफाई को लेकर कुछ और ही बात सामने आई. क्षेत्रवासियों से बात करने पर पता चला कि स्वच्छता को लेकर जो सुविधा मिलनी चाहिए वहां लोगों को नहीं मिल पा रही है. सड़कों की सफाई करने वाली महिला सफाईकर्मी अपनी मनमानी करते हुए क्षेत्र की कई गलियों की सड़कों की सफाई नहीं करती है. सफाई को लेकर जब उक्त महिलाकर्मी को अपना कार्य करने को कहा जाता है तो वहां सड़क सफाई को लेकर रहवासियों से शुल्क मांगती है. सफाईकर्मी की इस मनानी से लोग काफी नाराज़ तो है ही, साथ ही गंदगी से परेशान भी है.

### इनका कहना है ...



नियमित तौर और समय पर क्षेत्र की सड़कों पर झाडू लगनी चाहिए. यह तो ऐसा है कि एक दिन सफाई के बाद चार दिन सफाईकर्मी छुट्टी करता है. ये तो मनमानी है.

**- मोहित यादव**



कभी सफाईकर्मी आ भी जाए है तो उपर-उपर से कचरा सोरती है. बाकी कचरा चेंबर में डाल जाती है जिसके चेंबर चौक होते हैं. महिलाकर्मी महीने के रूपए मांगती है.

**- सावित्री प्रजापत**



नर्मदा नल आते हैं और कचरा गाड़ी आती है लेकिन सफाई करने वाली दूर से ही लौट जाती है. उसे कई बार कहा कि यहां भी सफाई करें लेकिन अनसुनी कर देती है.

**- राम राठौर**